वी.यू. में व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर में व्यक्तित्व विकास एवं संप्रेषण कौशल विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ प्रयाग दत्त जुयाल ने कहा की आज के युग में पर्सनालिटी डेव्लपमेंट एवं कम्युनिकेशन स्किल का सफलता प्राप्त करने हेतु बहुत महत्व है। हमें यदि सफलतम पशु चिकित्सक बनना है तो तकनीकी ज्ञान के साथ साथ पशु पालक से कैसा व्यवहार करे यह भी ज्ञान होना चाहिए। आप उसे जो जानकारी प्रदान करना चाहते है वो उसने कहाँ पर आत्मसात की है यह महत्वपूर्ण है। हमें जीवन पर्यन्त सीखना चाहिये।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. प्रियंका जैन प्रोफेसर ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर एवं माननीय प्रमंडल सदस्य नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ने कहा की सफलतम जीवन हेतु विचारो का अदान प्रदान होना चाहिये। गलतियों को स्वीकार करना बड्डपन की निशानी है। अनेक महापुरषो ने कहा है की यदि आप गलती को स्वीकार करते है तो भविष्य में इसे नहीं दोहराएंगे। हमें दूसरों की बाते ज्यादा सुननी चाहिये तथा काम बोलना चाहिये इसीलिए ईश्वर ने हमें दो कान एवं एक मुँह प्रदान किया है।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता संकाय डॉ. एस.एन.एस. परमार, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. राखी वैश्य, डॉ.आनंद जैन सहित समस्त छात्रों की उपस्थति उल्लेखनीय रही कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव ने किया।

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.
जबलपुर